# कार्यालय वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद आजमगढ़

सी.यू.जी. - 9454400250, दूरभाष- 05462-260403, ई-मेल- spazh-up@nic.in

पत्र संख्या- 183 /2025

## प्रेस-नोट, जनपद आजमगढ़

दिनांक- 24.05.2025

**हेमराज मीना, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, आजमगढ़** के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु अभियान के क्रम में आज दिनांक- 24.05.2025 को **पुलिस मुठभेड़ में 25,000/- रुपये का इनामिया शातिर/ हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त पुलिस मुठभेड में घायल/ गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 10,100/- रू0 नगद व 01 अदद मो0सा0 बरामद।** किया गया।

## थाना-रौनापार

## पुलिस मुठभेड़ में 25,000/- रुपये का इनामिया शातिर/ हिस्ट्रीशीटर 01 अभियुक्त पुलिस मुठभेड में घायल/ गिरफ्तार

### अभियुक्त के कब्जे से 01 अदद देशी तमंचा .315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर, 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 10,100/- रू0 नगद व 01 अदद मो0सा0 बरामद।

### *पूर्व की घटना का संक्षिप्त विवरण:-*

**थाना रौनापार** पर पंजीकृत **मु0अ0सं0 17/25 धारा 305/317(2)/331(4) बीएनएस, मु0अ0सं0 18/25 धारा 331(4)/305/317(2)/3(5) बीएनएस** व **मु0अ0सं0 21/25 धारा 331(4)/305/317(2)/3(5) बीएनएस** से सम्बन्धित हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त **रवि उर्फ रविशंकर पुत्र रामकेवल, निवासी चिउटी डांड, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ, उम्र 24 वर्ष** जो थाना हाजा से वांछित चल रहा था के विरुद्ध विवेचना प्रचलित थी तथा **थाना जीयनपुर** जनपद आजमगढ़ के **मु0अ0सं0 10/25 धारा 303(2)/317(2)बीएनएस** व **मु0अ0सं0 23/25 धारा 331(4)/305/317(2)/3(5)बीएनएस व मु0अ0सं0 543/24 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस** में वांछित था।

### *गिरफ्तारी का विवरण:-*

**श्रीमान् वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आजमगढ़ श्री हेमराज मीणा *(IPS)*** द्वारा वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान अपराध नियंत्रण व **श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय** के कुशल पर्यवेक्षण व **श्रीमान् क्षेत्राधिकारी महोदय सगड़ी** के नेतृत्व में **थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल मय हमराह** के साथ वांछित अपराधी चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन करते हुए **सुरैना बाजार** में मौजूद था कि **प्रभारी चौकी महुला उ0नि0 विवेक सिंह मय हमराह** आकर मिले जिनसे अपराध व अपराधियों के बारे मे वार्ता कर रहे थे कि कुछ ही समय में **थानाध्यक्ष जीयनपुर जितेन्द्र बहादुर सिंह मय हमराह**, भी मौंके पर आ गए हम सभी आपस में अपराध एंव अपराधियों के बारे में बात चीत कर रहे थे, कि मुखबिर खास द्वारा सूचना दी गयी कि एक शातिर बदमाश जो थाना रौनापार व जीयनपुर के कई मुकदमों में वांछित चल रहा है तथा शातिर चोर व हिस्ट्रीशीटर भी है, मोटरसाइकिल से आ रहा है। प्राप्त सूचना के आधार पर हम सभी पुलिस बल **ग्राम बलपुर लिंक खड़जा मार्ग पर** पहुँचकर इंतजार करने लगे कि थोड़ी देर बाद मेघपुर महुला खड़ंजा मार्ग से बलपुर के तरफ आती हुई एक मो0सा0 दिखाई दी जिसे टार्च की रोशनी व हाथों के इशारे से रोकने का संकेत दिया गया कि हम पुलिस वालों को देखकर मो0सा0 चालक द्वारा अचानक ब्रेक मार दिया गया, जिससे उसकी गाड़ी मौके पर ही फिसल कर गिर गई कि चालक तुरन्त खड़ा होकर पुलिस पार्टी को लक्ष्य बनाकर जान मारने की नियत से तमंचे से फायर दिया, जिसके जवाब में पुलिस द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायर किया गया, जिसमें बदमाश के बायें पैर में गोली लगी। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा अपना नाम **रवि उर्फ रविशंकर पुत्र रामकेवल, निवासी चिउटी डांड, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ, उम्र 24 वर्ष** बताया जो **25,000/- रू0 का इनामिया व हिस्ट्रीशीटर** भी है।

➡ घायल/ गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **01 अदद देशी .315 बोर व 01 अदद खोखा कारतूस .315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर, 10,100/- रूपया नगद, 01 अदद मो0सा0 बिना नम्बर प्लेट** बरामद किया गया। अन्य अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

## *पंजीकृत अभियोग का विवरण:-*

01. मु0अ0सं0- 189/2025 धारा 109 BNS व 3/25 A. Act. थाना रौनापार,आजमगढ़।

## *घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण:-*

01. रवि उर्फ रविशंकर पुत्र रामकेवल, निवासी चिउटी डांड, थाना दोहरीघाट, जनपद मऊ उम्र 24 वर्ष।

## *घायल/गिरफ्तार अभियुक्त का आपराधिक इतिहास:-*

### *रवि उर्फ रविशंकर पुत्र रामकेवल निवासी चिउटी डांड थाना दोहरीघाट जनपद मऊ*

| क्र0सं0 | मु0अ0सं0 | धारा | थाना |
|---|---|---|---|
| 1. | 17/2025 | 305/317(2)/331(4) बीएनएस | रौनापार, आजमगढ़ |
| 2. | 18/2025 | 331(4)/305/317(2)/3(5) बीएनएस | रौनापार, आजमगढ़ |
| 3. | 21/2025 | 331(4)/305/317(2)/3(5) बीएनएस | रौनापार, आजमगढ़ |
| 4. | 10/2025 | 303(2)/317(2)बीएनएस | जीयनपुर, आजमगढ़ |
| 5. | 23/2025 | 331(4)/305/317(2)/3(5)बीएनएस | जीयनपुर, आजमगढ़ |
| 6. | 543/2024 | 303(2)/317(2) बीएनएस | जीयनपुर, आजमगढ़ |
| 7. | 463/2024 | 3(5)/305/317(2)331(4) बीएनएस | जीयनपुर, आजमगढ़ |
| 8. | 107/24 | 380/411/457/ भादवि | बडहलगंज, गोरखपुर |
| 9. | 440/23 | 380/411/457/ भादवि | घोसी, मऊ |
| 10. | 460/23 | 3/7/25 आर्म्स एक्ट व 307/411/413/414/420/467/468/471 भादवि | घोसी, मऊ |
| 11. | 461/23 | 3/7/25 आर्म्स एक्ट | घोसी, मऊ |
| 12. | 463/23 | 3077/411/413/414//420/467/4468/471 भादवि | घोसी, मऊ |
| 13. | 464/23 | 380//411/457 भादवि | घोसी, मऊ |
| 14. | 33/24 | 3(1)उ0प्र0 गिरोह अधि0 | दोहरीघाट, मऊ |
| 15. | 201/23 | 380/411/413//414/457 भादवि | दोहरीघाट, मऊ |
| 16. | 202/23 | 380/411/4133/414/457 भादवि | दोहरीघाट, मऊ |
| 17. | 214/23 | 380/411/413/414/457 भादवि | दोहरीघाट, मऊ |

## बरामदगी का विवरण:-

01. एक अदद देशी .315 बोर
02. एक अदद खोखा कारतूस .315 बोर
03. एक अदद जिन्दा कारतूस .315 बोर
04. 10,100/- रूपये नगद
05. एक मोटर साइकिल

## *गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाले टीम का विवरण:-*

| थाना रौनापार | थाना जीयनपुर |
|---|---|
| 01. थानाध्यक्ष अनुपम जायसवाल<br>02.उ0नि0 विवेक सिंह प्र0चौकी महुला थाना<br>03.हे0का0 शिवशंकर प्रसाद<br>04.हे0का0 दिनेश कुमार यादव<br>05.म0का0 पूजा<br>06.का0 सुमित कुमार<br>07.का0 धर्मेन्द्र कुमार<br>08.का0 विकास कुमार यादव<br>09.का0 शक्तिचन्द | 01.थानाध्यक्ष जितेन्द्र बहादुर सिंह<br>02.उ0नि0 जाफर खान चौ0 प्रभारी लाटघाट<br>03.का0 बृजेश यादव<br>04.हे0का0 राजेश कुमार<br>05.का0 हरिकिशन मौर्या<br>06.का0 शुभम तिवारी<br>07.का0 अवधेश कुशवाहा |